कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–08, नवम्बर 2018

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**



## दिल से करो काम जीतो हर मुकाम

जीवन में सफल होना हर किसी का सपना होता है और सफलता के मायने भी सबके अलग–अलग होते है। कोई खुद को शिखर पर देखना चाहता है तो कोई सबको साथ लेकर चलना चाहता है। मगर उद्देश्य कोई भी क्यो ना हो इन सब का एक ही मूल मंत्र है, अपनो को साथ लेकर किसी भी काम को पूरा दिल लगाकर करो और हर मुकाम जीतो। कामधेनु लिमिटेड के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल जी ने कंपनी की सफलता को कुछ ऐसे ही बयान किया।

कंपनी ने दो दशकों के सफर में बहुत सी सफलताएं हासिल की है। चाहे पेटेंट वाले बेहतरीन उत्पाद लॉन्च करना हो या विश्व फलक पर प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करना हो, सभी क्षेत्र में कंपनी ने अपना लोहा मनवाया है। एशिया मोस्ट प्रोमाइसिंग अवार्ड, पॉवर ब्रांड अवार्ड, वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्रांड अवार्ड 2017–18 और इंडियाज टॉप चैलेंजर्स अवार्ड 2017–18 ये सब कंपनी की क्षमता को दर्शाते हैं। इसके साथ ही उस कुशल नेतृत्व को भी दर्शाता है जिसने कामधेनु परिवार की नींव को मजबूत किया और लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस नेतृत्व का ज़िम्मा संभाला कंपनी के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल जी ने।

अग्रवाल जी ने कंपनी को शिखर पर बनाए रखने और पूरे कामधेनु परिवार को साथ लेकर चलने में बेजोड़ प्रबंधकीय क्षमता का परिचय दिया। इसके साथ ही दूरदर्शी नजरिए से देश की जरूरतों को समझा और उस लिहाज से उत्पादों का निर्माण किया जिसने कंपनी को अग्रणी बनाए रखा। देश में किए जाने वाले आर्थिक सुधारों से जहाँ कुछ कंपनियों में गिरावट आई वहीं कामधेनु लिमिटेड ने मुनाफे का रुख किया। इसके अलावा कामधेनु परिवार का दायरा बढ़ाने के लिए चैनल पार्टनर्स और फ्रैंचाइजी पार्टनर्स की एक बड़ी श्रृंखला का निर्माण किया जिससे पूरे देश में कंपनी के विश्व स्तरीय एवं उच्च गुणवत्ता वाले कंपनी के उत्पादों की पहुंच सुनिश्चित हुई।

आज कंपनी के बेहतरीन टीएमटी देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती दे रहे हैं। कंपनी के टीएमटी उत्पादों में SS10000 और KAMDHENU NXT ऐसे उत्पाद हैं जो कांट्रेक्टर्स और इंजीनियर्स की पहली पसंद है। टीएमटी उत्पादों पर लोगों के बढ़ते भरोसे को अग्रवाल जी ने कंपनी के अन्य ब्रांडेड उत्पादों से और मजबूत किया। आज कंपनी के ब्रांडेड उत्पाद संपूर्ण निर्माण जरूरतों को पूरा करते है। स्ट्रक्चरल स्टील, कलरमैक्स कलरकोटेड शीट्स, जीसी शीट्स, प्री–इंजीनियर्स बिल्डिंग और पेंट के जीवंत रंगों की विविध श्रृंखला सभी ने देश के औद्योगिक और घरेलु आवश्यकताओं को खूबसूरती के साथ पूरा किया। इनोवेशन को आगे बढ़ाते हुए पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों पर भी पूरा जोर दिया जिससे टिकाऊ विकास के मॉडल को पूरा किया जा सके।

एक आदर्श लीडर वहीं होता है जिसे अपनों का पूरा साथ मिले और उसके हर फैसले में सभी का पूरा सहयोग मिले। कुछ इसी तरह कामधेनु परिवार ने अग्रवाल जी के कुशल नेतृत्व का अनुसरण किया और उनके निर्णय को पूरा करने में डीलर्स और फ्रैंचाइजी पार्टनर्स ने भी अपने अथक प्रयासों को लगातार जारी रखा जो आज कंपनी की सफलता का आधार भी है। उन्होंने कंपनी के डीलर्स और फ्रैंचाइजी पार्टनर्स के हर प्रसास की समय–समय पर सराहना की एवं उनके लिए ढेरों इंसेंटिव स्कीम्स की शुरुआत की जिससे उन्हें आर्थिक लाभ एवं गौरव मिला।

# प्रधानमंत्री ने पहला मल्टीमॉडल टर्मिनल देश को किया समर्पित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में गंगा नदी पर बने देश के पहले मल्टीमॉडल टर्मिनल का उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। किफायती परिवहन और पर्यावरण के अनुकूल इस मल्टीमॉडल से वाराणसी और हल्दिया (पश्चिम बंगाल) के बीच साल में 365 दिन मालवाहक जहाज का परिचालन होगा। इस टर्मिनल को बनाने में लगभग 5369 करोड़ रुपये की लागत आई है, जिसमें विश्व बैंक का भी सहयोग लिया गया है। प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 2400 करोड़ रुपये वाली विभिन्न परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी और उद्घाटन किया उन्होंने वाराणसी रिंग रोड फेज–1 और राष्ट्रीय राजमार्ग–56 के विकास और बाबतपुर–वाराणसी खंड को चार लेन का बनाने के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''नामामि गंगे के अंतर्गत अभी तक 23000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं मंजूर की जा चुकी हैं। गंगा नदी के किनारे स्थित सभी गांव खुले में शौच जाने से मुक्त हो गये हैं। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के प्रति केंद्र सरकार की वचनबद्धता का हिस्सा हैं।''

# इसरो की एक और बड़ी सफलता, एक साथ लॉन्च किए 31 उपग्रह



इंडियन स्पेस एंड रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO) ने 29 नवंबर को एक और कामयाबी हासिल की। पोलर सैटलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) सी–43 द्वारा 31 सैटलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर दिया। आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी–सी43 से आठ देशों के 30 उपग्रहों के साथ पृथ्वी का निरीक्षण करने वाले भारतीय उपग्रह एचवाईएसआईएस (HySIS) को भी प्रक्षेपित किया गया। इसमें अमरिका के 23 उपग्रह थे इसके अलावा नीदरलैंड, कनाडा, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, स्पेन व कोलंबिया के एक–एक सैटेलाइट थे। इस मिशन में भारत का हाइपर स्पेक्ट्रल इमेजिंग उपग्रह (HySIS) प्रमुख उपग्रह था। इस उपग्रह का उद्देश्य पृथ्वी की सतह पर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पैक्ट्रम में इंफ्रारेड और शॉर्ट वेव इंफ्रारेड फील्ड का अध्ययन करना है। जिससे फसलों हेतु उपयोगी भूमि का अनुमान लगाना, पर्यावरण सर्वेक्षण, तेल और खनिज पदार्थों की खोज करना आसान होगा।

# विश्व के फलक पर सबसे कामयाब खिलाड़ी मैरी कॉम



विश्व के सबसे सफल मुक्केबाज में शुमार मैरी कॉम ने एक बार फिर बेहतरीन खेल दिखाते हुए विश्व कप मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस मेडल को जितने के बाद मैरी काम विश्व मुक्केबाजी में 6 गोल्ड अपने नाम करने वाली विश्व की पहली महिला हो गई। 35 वर्षिय मैरी कॉम ने 2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018 में गोल्ड मेडल अपने नाम कर चुकी है। उन्होंने 48 किग्रा भार वर्ग में यूक्रेन की मुक्केबाज हन्ना ओकहोटा को मात दी। मैरी ने यह मुकाबला 5–0 से जीता। उन्होंने मुकाबला जीतने के बाद इस महान उपलब्धि को देश के नाम समर्पित किया।

# पेंट डीलर्स के कारवां ने देखा बाली का खूबसूरत जहान



देश की शीर्ष पेंट कंपनियों में शुमार कामधेनु पेंट्स लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रही है। देश में सजावटी रंगों की दुनिया में अपने खूबसूरत रंगों की अमिट छाप छोड़ते हुए कामधेनु पेंट ब्रांडेड रंगों की विस्तृत रेंज के साथ लोगों का मन मोह रही है और इसमें कंपनी के डीलर्स अपना अतुलनीय योगदान दे रहे हैं। डीलर्स ने कंपनी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमेशा ही कड़ी मेहनत की है। कंपनी ने भी उनके योगदान को हमेशा ही समझा और उनके लिए निरंतर आकर्षक इंसेंटिव लेकर आई ताकि उनके कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें मोटिवेट किया जा सके।

कामधेनु पेंट्स डीलर्स को मोटिवेट करने के लिए कई इंसेंटिव देती है इन इंसेंटिव में प्रमुख है टूर पैकेज। इसके तहत इस बार कंपनी द्वारा हिमाचल के डीलर्स को चुना गया है। जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को कुशलता के साथ पूरा किया। उनके इस प्रयास से कंपनी ने पूरे राज्य के बाजार में अपनी बढ़त बनाई है। इस टूर में हिमाचल के 40 डीलर्स ने इंडोनेशिया के खूबसूरत और ऐतिहासिक द्वीप बाली की यात्रा की। बाली द्वीप अपने ऐतिहासिक मंदिरों एवं हिंदू परंपरा के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

5 दिनों के इस टूर की शुरुआत अमृतसर से हुई। यहाँ से सभी ने कंपनी के पदाधिकारियों के साथ बाली के लिए उड़ान भरी। बाली पहुंचकर कारवां निकल पड़ा एक अद्भुत और अतुल्य बाली को देखने। इन्होंने यहाँ उबुद टाउन के वर्षा वन, मंदिरों, सीढ़ीदार खेतों और लोक कला एवं नृत्य को देखा। दूसरे दिन ये रोमांच का अनुभव करने के लिए किंतामनी हाईलैण्ड की सैर जो अपने पहाड़ों और झिलों के लिए विख्यात है।

इस टूर के तीसरे दिन सभी ने बाली के सभी दर्शनीय स्थलों की सैर की जिसमें बज्र संधि, बाली म्यूजियम, और बेहतरीन पुपुतन स्क्वायर प्रमुख थे। चौथे दिन सभी ने तेनजुंग बेनोना में वाटर स्पोर्ट के रोमांच का भरपूर आनंद लिया और पूरे टर्टल द्वीप की भी बोट से यात्रा की। अंत में उलुवतु मंदिर के कभी न भूल पाने वाले सनसेट को देखा।



कामधेनु पेंट के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल जी ने डीलर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा, "हिमाचल में कंपनी का ग्रोथ बेहतरीन है, इसमें आपका योगदान प्रशंसनीय है। आपने ग्राहकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित किया और उनके भरोसे को बढ़ाया है। हमें उम्मीद है कि आप इस शानदार कोशिश को जारी रखेंगे और अगली बार फिर देश और दुनिया के प्रसिद्ध स्थलों की सैर करेंगे। नये लक्ष्य को पूरा करने के लिए आपको मैं शुभकामनाएं देता हूँ।"

पांचवें दिन सैर के बाद सभी ने हिमाचल वापसी के लिए एयरपोर्ट का रूख किया। इस बेहतरीन यात्रा का नेतृत्व किया कामधेनु पेंट, हिमाचल के ब्रांच हेड श्री निहाल राप्ता जी ने। उन्होंने इस टूर पर सभी डीलर्स के प्रयासों की प्रशंसा की और सभी को उपहारों से पुरस्कृत कर आगे भी बेहतरीन प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस यादगार अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से कुलदीप कुमार एंड कंपनी, दिल्ली स्टोर्स, हुकुमराम ब्रदर्स, नंदलाल एंड सन्स और बली राम एंड सन्स की प्रशंसा की।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.11.2018



# मैक्सीमम सुरक्षा से सुसज्जित

KAMDHENU
COLOUR MAX
COLOUR COATED METAL SHEETS

## नई इनोवेशन से असली कलरमैक्स को पहचानना हुआ और आसान

कामधेनु लिमिटेड हमेशा ही ऐसे उत्पादों के निर्माण पर जोर देती है जो उच्च गुणवत्ता के हो ताकि ग्राहक को अधिकतम संतुष्टि मिले। इसके साथ ही कंपनी ने ग्राहाकों के हित को भी हमेशा ही पहले स्थान पर रखा जिससे कंपनी पर और कंपनी के हर उत्पाद पर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ता गया। इस भरोसे ने कंपनी को दो दशकों में ही देश की शीर्ष कंपनी में शुमार कर दिया। कामधेनु लिमिटेड ने लोगों के इस विश्वास को समझा और इसके लिए एक नई पहल की है ताकि पूरे देश में कंपनी के असली उत्पाद की पहचान आसानी से की जा सके।

कंपनी ने अपनी उच्च गुणवत्ता वाली शीट्स, कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट्स को सुरक्षा के नये गुणों से सुसज्जित किया है। इसके तहत कंपनी ने शीट्स पर **'मल्टी–सुरक्षा फिल्म'** को लगाया है, जो उत्पाद को मल्टी सुरक्षा देती है। इस सुरक्षा को कई स्तरों पर परखा जा सकता है इसमें टेक्नोलॉजी का भी उपयोग किया गया है। इसमें लगाया गया प्रिंटिंग कोड मैग्नाफाइंग ग्लास के जरिए देखा जा सकता है जो शीट्स के असली और नकली होने का प्रमाण देता है। इसके अलावा वाइस पैन के माध्यम से भी असली शीट्स को पहचाना जा सकता है। शीट्स के एक खास हिस्से पर वाइस पैन लगाने पर यह पैन आवाज के माध्यम से कहता है ''ये असली कामधेनु कलरमैक्स शीट है''।

इस सुरक्षा फिल्म के और भी फायदे है। ये शीट्स पर स्क्रेच नहीं आने देता है और इसे आसानी से शीट्स से निकाला जा सकता है। इसके साथ ही ये मल्टी–सुरक्षा फिल्म शीट्स की चमक को बनाए रखता है। यह ग्राहाकों को उत्पाद की स्पष्ट पहचान देता है जिससे उनके मन में किसी तरह का भ्रम नहीं रहता है।

कामधेनु करलमैक्स कलर कोटेड शीट्स देश में आज एब बड़ा ब्रांड है। इसकी उच्च गुणवत्ता के कारण देश में इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। अब इसे कंपनी द्वारा और बेहतर इनोवेटिव सुरक्षा दी जा रही है,जिससे नकल करने और नकली उत्पाद बेचने वालों पर नकेल कसी जा सकेगी।

कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट्स एक बेस्ट रूफिंग सोल्यूशन है। हाई–रिब, टाइल प्रोफाइल, कर्व्ड और सटैंडर्ड डिजाइन के साथ ही ये शीट्स अलग–अलग साइज और मोटाई में भी उपलब्ध है। इस शीट्स को मजबूत, टिकाऊ और सुरिक्षत बनाने के लिए कामधेनु लिमिटेड ने उन्नत तकनीक के साथ अच्छी गुणवत्ता वाले रॉ मटैरियल का उपयोग किया है। अच्छे रॉ मटैरियल और तकनीक के मेल से ये शीट्स एक बेहतर इको–फ्रेंडली उत्पाद बना है और इसका रख रखाव भी बहुत कम है। प्रतिकूल मौसम में भी इसकी क्षमता बेहतरीन है। टिकाऊ व आकर्षक पेंट से की गई इसकी कोटिंग इसकी क्षमता को बढ़ाने के साथ ही इसकी खूबसूरती को भी बढ़ा देता है। इसकी कलर कोटिंग कमरे के तापमान को सामान्य शीट की तुलना में ज्यादा ठंडा रखती है।

इस सुरक्षा फिचर को पेश करते हुए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, ''कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट हमारा बेहतरीन उत्पाद है जिसे हमने मल्टीकलर सुरक्षा फिल्म की खासियतों से सुसज्जित किया है। इस इनोवेटिव पहल से हम ग्राहकों तक असली उत्पादों की पहुंच को सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह देश में नई व अपनी तरह की खास पहल है।''




बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री शब्बीर सागरवाला**
**मेसर्स मालवा आयरन स्टोर**
रेलवे ओवर ब्रिज के निकट,
आदर्श नगर, अजमेर
राजस्थान – 110032
मो. 9829070747

**श्री गौतम टिकरे**
**मेसर्स टिकरे स्टोर सप्लाई को.,**
कॉलेज रोड, धरवाड, कर्नाटक
मो. 9448148345

**श्री ऋषभ जैन**
**मेसर्स ओम इंटरप्राइजेज़**
हरिद्वार रोड, भारद्वाज हाप्टिल के पास, ऋषिकेश – 249201
मो. 9760013097

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by Kamdhenu Limited, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com